

दिन-प्रतिदिन का वैज्ञानिक इतिहास

विजेन्द्र कुमार

2 अक्तूबर

1882, प्रसिद्ध स्कॉटिश रसायनज्ञ सर विलियम रामसे का जन्म हुआ। इन्होंने नियॉन, ऑर्गन, क्रिप्टोन एवं जिनोन अक्रिय गैसों की खोज की एवं साथ ही इन्हें वर्ष 1904 में रसायन के क्षेत्र में अपने विशिष्ट योगदान के लिए नोबल पुरस्कार भी प्राप्त हुआ था।

1907, ब्रिटिश बायोकैमिस्ट बारोन अलेक्ज़ेंडर आर. का जन्म हुआ। इन्हें न्यूक्लियोटाइड्स, न्यूक्लियोसाइड्स व न्यूक्लियोटाइड को-एंजाइम्स पर अपने शोध कार्य के लिए वर्ष 1957 में रसायन विज्ञान के क्षेत्र में नोबल पुरस्कार मिला था।

3 अक्तूबर

1809, मोटर-चालित वैक्यूम क्लीनर के आविष्कार के लिए जॉन एस. थुरमन को ''प्न्यूमैटिक कारपेट रेनोवाटर'' टाइटल से पेटेंट प्राप्त हुआ (पेटेंट नं. 634,042)।

1952, प्रथम ब्रिटिश एटॉमिक बम ''हरिकेन'' का मोंटे बेल्लो, ऑस्ट्रेलिया में परीक्षण किया गया।

4 अक्तूबर

1675, क्रिस्टियन ह्युगेंस को अपने आविष्कार 'पॉकेट वाच' के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ। ह्युगेंस ने प्रथम पेंडुलम घड़ी का आविष्कार किया तथा प्रकाश का तरंग सिद्धांत के साथ अन्य खगोलीय खोज की।

1955, दुनिया का पहला ''सौर ऊर्जा संचालित टेलीफोन कॉल'' बेल टेलीफोन द्वारा किया गया था।

6 अक्तूबर

1868, निकेल परतीकरण प्रक्रिया की खोज के लिए खोजकर्ता विलियम एच. रेमिंगटन को पेटेंट प्रदान किया गया।

1914, वायरलेस रिसीविंग सिस्टम के निर्माण के लिए एड्विन एच. आर्मस्ट्रांग को पेटेंट प्राप्त हुआ।

7 अक्तूबर

1806, इंग्लिशमन राल्फ वेजतुड को कार्बन पेपर ''लिखावट की प्रतिलिपि तैयार करने के उपकरण'' की खोज के लिए प्रथम पेटेंट प्राप्त हुआ।

1885, प्रसिद्ध भौतिकविज्ञ नील्स बोहर का जन्म हुआ। इन्हें क्वांटम थ्योरी पर कार्य के लिए सन् 1922 में नोबल पुरस्कार मिला था।

8 अक्तूबर

1604, ''सुपरनोवा'', जिसे केप्लर्स नोवा के नाम से भी जाना जाता है, को अन्तरिक्ष में प्रथम बार देखा गया।



1958, सर्वप्रथम इलेक्ट्रॉनिक पेसमेकर को डॉ. ए के सेंनिंग व रुने एल्मक्विस्ट ने सफलतापूर्वक इम्प्लांट किया।



9 अक्तूबर

1879, जर्मन भौतिकविज्ञ मैक्स वोन लुए, जिन्हें क्रिस्टल में एक्स-रे के विवर्तन की खोज के लिए वर्ष 1914 में भौतिकी का नोबल पुरस्कार मिला था, का जन्म हुआ।

10 अक्तूबर

1846, नेपच्यून के सबसे बड़े प्राकृतिक उपग्रह ''टाइटन'' की खोज विलियम लास्सेल ने की, यह सौरमण्डल का सातवाँ सबसे बड़ा उपग्रह है।



1963, सीमित परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (LTBT) पर ब्रिटेन, अमेरिका व सोवियत संघ नें हस्ताक्षर कर इसकी शुरुआत की, यह संधि आधिकारिक तौर पर अंतरिक्ष के बाहर और पानी के नीचे के वातावरण में परमाणु हथियार परीक्षण पर प्रतिबंध लगाने के रूप में जानी जाती है।

11 अक्तूबर

1881, कैमरे में प्रयुक्त होने वाली रोल फिल्म के आविष्कार के लिए डेविड एच हॉस्टन को पेटेंट प्रदान किया गया (पेटेंट नं. 248179)।

1958, ''पायोनियर - I'' अन्तरिक्षयान को नासा ने केनेडी स्पेस सेंटर से अन्तरिक्ष में प्रक्षेपित किया, जो कि नासा द्वारा प्रक्षेपित किया जाने वाला प्रथम अन्तरिक्ष यान बना।

13 अक्तूबर



1884, ग्रीन. विच प्रधान मध्याह्न रेखा को अंतर्राष्ट्रीय मध्याह्न कांफ्रेंस में सार्वभौमिक रूप से स्वीकार कर लिया गया।

14 अक्तूबर

1863, नाइट्रोग्लिसरीन बनाने की प्रक्रिया की खोज के लिए अल्फ्रेड नोबल को अपना प्रथम पेटेंट प्राप्त हुआ।

1900, ''सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन'' (TQM) के जनक के रूप में विख्यात् सांख्यिकीविद् विलियम एडवर्ड्स डेमिंग का जन्म हुआ।

16 अक्तूबर

2006, तत्व संख्या 118 ''उनउनऑक्टियम'' (Uuo) के निर्माण की घोषणा रूसी और अमेरिकी वैज्ञानिकों के एक संयुक्त टीम द्वारा परमाणु अनुसंधान संयुक्त संस्थान, रूस में की गयी।



17 अक्तूबर

1855, स्टील बनाने की प्रक्रिया के आविष्कार के लिए ब्रिटिश आविष्कारक सर हेनरी बेसेमर को पेटेंट प्रदान किया गया (ब्रिटिश पेटेंट नं. 2321)।

18 अक्तूबर

1955, एक नये एटामिक सबपार्टिकल 'नेगेटिव प्रोटोन' या ''एन्टीप्रोटोन'' की खोज यूनीवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले में की गयी।

1962, डीएनए की डबल हेलिक्स आण्विक संरचना का निर्धारण करने के शोध के लिए डॉ. जेम्स डी. वाट्सन, डॉ. फ्रांसिसक्रिक एवं डॉ. मौरिक विल्कि. कंस को चिकित्सा और फिजियोलॉजी का नोबल पुरस्कार मिला।

19 अक्तूबर

1910, प्रसिद्ध भारतीय मूल के अमेरिकी खगोल विज्ञानी डॉ. सुब्रह्मण्यम चंद्रशेखर का जन्म हुआ, इन्हें बड़े पैमाने पर तारों के विकासवादी चरणों पर वर्तमान में स्वीकार सिद्धांत तैयार करने के लिए सन् 1983 में भौतिकी के क्षेत्र में नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ था।

20 अक्तूबर

1891, प्रसिद्ध अंग्रेजी भौतिक विज्ञानी सर जेम्स चैडविक का जन्म हुआ, इन्हें सन् 1935 में न्यूट्रॉन की खोज के लिए भौतिकी का नोबल पुरस्कार मिला था।

1906, डॉ. ली देफोरेस्ट (रेडियो के जनक) ने अपनी खोज त्रि-तत्वीय इलेक्ट्रिकल वैक्यूम ट्यूब, जिसे आज ट्रायोड के नाम से जाना जाता है, की घोषणा की।

21 अक्तूबर

1879, थॉमस ए. एडिसन ने अपने आविष्कार ''इलेक्ट्रिकल लाइट बल्ब'' का मेलेनो पार्क, न्यू जर्सी में सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया।

22 अक्तूबर

1938, जैरोग्राफी या इलेक्ट्रोफोटोग्राफी, एक शुष्क फोटोकॉपी करने की तकनीक का आविष्कार चेस्टर कार्लसन ने किया।

23 अक्तूबर

1814, पहली आधुनिक प्लास्टिक सर्जरी का ड्यूक ऑफ यॉर्क्स हॉस्पिटल, चेल्सी, इंग्लैंड में प्रदर्शन किया था।

24 अक्तूबर

1632, प्रसिद्ध जीवविज्ञानी व ''सूक्ष्म जीव विज्ञान के जनक'' सर एंटोनी वान ल्यूवेनहॉक का जन्म हुआ। इन्होंने माइक्रोस्कोपी के उपयोग से बैक्टीरिया, प्रोटिस्टा, शुक्राणु कोशिकाओं, रक्त कोशिकाओं और पौधे तथा पशु ऊतकों में संरचनाओं के कई उदाहरणों की खोज की।

26 अक्तूबर

1900, सबसे पहले जीवित दाता से किसी दूसरे में फेफड़ों के प्रत्यारोपण का सफल ऑपरेशन डॉ. वॉन ए स्टर्न्स ने स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय में किया।

27 अक्तूबर

1938, डू पोंट ने अपने नये सिंथेटिक फाइबर यार्न ''नायलॉन'' के संश्लेषण की घोषणा की।



29 अक्तूबर

1971, इलेक्ट्रिसिटी के उपयोग द्वारा हड्डी के फ्रैक्चर की मरम्मत का पहला सफल प्रयोग पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय में सर्जनों द्वारा किया गया।

30 अक्तूबर

1909, प्रसिद्ध भारतीय परमाणु भौतिकविद् व भारतीय परमाणु कार्यक्रम के जनक डॉ. होमी जहाँगीर भाभा का जन्म हुआ। डॉ. भाभा दो प्रसिद्ध अनुसंधान संस्थानों- टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान (टीआईएफआर) और भाभा परमाणु ऊर्जा केंद्र के संस्थापक निदेशक थे।

1958, सबसे पहले चयनात्मक कोरोनरी एंजियोग्राम प्रदर्शन एक बाल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एफ. मेसन संस, जूनियर ने क्लीवलैंड क्लीनिक में किया।

1993, अंतरिक्ष में दुनिया का पहला जन्तु-विच्छेदन (चूहे का) मार्टिन फेटमान द्वारा किया गया था।

संपर्क सूत्र :
श्री विजेन्द्र कुमार
रिसर्च इंटर्न, राष्ट्रीय विज्ञान पुस्तकालय
सीएसआईआर-निस्केयर, 14 सत्संग विहार मार्ग
नई दिल्ली 110 067
[ई-मेल : vijendra.intern@niscair.res.in]